# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

## BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–97/2016–परामर्शी सेवा 3169 दिनांक : 15/12/2016

प्रेषक,

**अमृत लाल मीणा,**
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

**उप महाप्रबंधक**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
भागलपुर।

**विषयः–माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

प्रसंगः–पत्रांक–2564 दिनांक–04.10.2016.

महाशय,

माह नवम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई भागलपुर के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

2. **भौतिक प्रगति**

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत 11 अद्द कार्य कराये जाने थे। इन में से 06 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 05 अदद प्रगति में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रजौन की प्रगति 35%, बाराहाट की प्रगति 20%, गोपालपुर की प्रगति 40%, सन्हौला की प्रगति 80% तथा सबौर की प्रगति 65% किया गया है। यह बहुत कम है।

**(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 8+11=19 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 04 अदद योजनाएँ स्थगित की गयी है तथा 15 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद PEB गोदाम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। भागलपुर बाजार समिति में 5000 मे0 टन गोदाम निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दूसरा 5000 मे0 टन गोदाम निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है।

**(iv) कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का निर्माण कार्य :**

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की 02 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। दोनों योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है।

**(v) कृषि विभाग के कार्य :**

कृषि विभाग की 01 अदद योजना बर्किंग स्टैण्र्डड माप तौल प्रयोगशाला का निर्माण किया जाना था। अब तक योजना के 90% पूर्ण होने की सूचना दी गयी है।

**(vi) बीज प्रमाणन एजेन्सी का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 01 अदद योजना कार्यान्वयन कराया जाना था। योजना की प्रगति 85% प्रतिवेदित की गयी है।

**(vii) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना था। इनमें से दोनों योजना का कार्य पूर्ण कर हस्तानान्तरित किया जा चुका है।

**(viii) अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 01 अदद योजना कार्यान्वयन किया जाना था। योजना की अद्यतन प्रगति 90% प्रतिवेदित की गयी है।

**(ix) उद्योग विभाग का निर्माण कार्य :**

जिला उद्योग केन्द्र भागलपुर के कार्यालय भवन आदि के मरम्मति कार्य योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इस कार्य की प्रगति 75% प्रतिवेदित की गयी है। योजना को शीघ्र पूरा कराया जाये।

**(x) विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग का निर्माण कार्य :**

इसके अन्तर्गत कुल 01 अदद योजना का कार्यान्वयन किया जाना था। योजना के पूर्ण होने की सूचना दी गयी है।

**(xi) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया ज़ाना था। इन योजनाओं में से 01 अदद योजना का कार्य पूर्ण होने तथा 01 अदद योजना के लिए स्थल अनुपलब्ध रहने की सूचना दी गयी है।

**(xii) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 01 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। योजना की प्रगति 75% प्रतिवेदित की गयी है।

**(xiii) समाज कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत पुराने भवनों का जीर्णोद्वार कर 02 अदद बुनियाद केन्द्र का जीर्णोद्धार कराना था। दोनों योजना पूर्ण हो चुकी है।

**(xiv) श्रम संसाधन विभाग का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 27 अदद कौशल विकास केन्द्र का निर्माण किया जाना था। 25 अद्द योजनाएँ अब तक पूर्ण की गयी है। 02 अद्द योजनाएँ प्रगति में है। कार्य में प्रगति लाकर योजना को शीघ्र पूरा कराया जाये।

उपर्युक्त सभी योजनाएँ जो प्रगति में है उनके कार्य समाप्ति की तिथि पूर्ण हो चुकी है। योजना की प्रगति धीमी है। इन योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाये।

2. <u>वित्तीय प्रगति</u>

परिक्षेत्राधीन कार्यान्वित कुल 72 अदद योजनाओं के एकरारित राशि ₹5730.649 लाख के विरूद्ध 31 मार्च, 2016 तक ₹3031.6349 लाख का व्यय किया गया है। योजना को पूर्ण करने के लिये वित्तीय वर्ष में ₹2655.21 लाख का कार्यक्रम था। चालू वित्तीय वर्ष ₹1160.3968 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय प्रगति 43% है जो काफी कम है।

3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :

आपके द्वारा कार्य का फोटोग्राफ गैलरी में upload पाया गया है। अन्य सूचनाएँ अद्यतन पायी गयी।

4. <u>मासिक लेखा :</u>

वर्ष 2016–17 के प्रथम तिमाही लेखा उपलब्ध कराया गया है। प्रसंगिक पत्र के माध्यम से द्वितीय तिमाही तथा अद्यतन मासिक लेखा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था किन्तु आपके द्वारा आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया।

5. <u>गुण नियंत्रण :</u>

आपके परिक्षेत्राधीन गुण नियंत्रण प्रयोगशाला पूर्व से स्थापित है किन्तु इस प्रयोगशाला में जाँच किये गये नमूनों का जाँच फल निगम को अब तक अप्राप्त है। प्रसंगिक पत्र से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था किन्तु आज तक प्रतिवेदन उपलबध कराने में आप असफल रहे।

6. <u>पूर्ण कार्यों का अन्तिम विपत्र :</u>

परियोजना कार्यान्वयन इकाई, भागलपुर के अन्तर्गत पूर्ण कार्यों का अन्तिम विपत्र तथा उसकी राशि के साथ–साथ अवशेष कार्यों का टाईम लाईन तैयार कर मांग की गी थी। किन्तु प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में आप असफल रहे।

7. स्पष्टीकरण :

मेरे निर्देश के अनुपालन में योजनाओं का अन्तिम विपत्र, अवशेष कार्यों का टाईम लाईन, आपके PIU में सम्पन्न गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन समर्पित करने में आप असफल रहे। इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण दिनांक – 19.12.2016 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। प्रसंगिक पत्र से प्राप्त निर्देश पर कार्रवाई कर शीघ्र ATR समर्पित करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

13.12.16

(अमृत लाल मीणा)

ज्ञापांकः– 3169 दिनांकः– 15/12/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक भागलपुर, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)